आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

शनिवार 28.06.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – राज्य सरकार अर्थव्यवस्था, पारिस्थितकी और प्रौद्योगिकी में समन्वय के साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है।
- राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी की। दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को मतदान होगा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- मौसम विभाग ने बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

## ऑयल सेक्टर मीट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार अर्थव्यवस्था, पारिस्थितकी और प्रौद्योगिकी में समन्वय के साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। आज देहरादून में आयोजित ऑल इंडिया ऑयल सेक्टर मीट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में टिहरी, कोटेश्वर, पीपलकोटी, लखवाड़ और विष्णुगाड़ जैसी जल विद्युत परियोजनाएं उत्तराखण्ड को ऊर्जा हब में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जियोथर्मल के क्षेत्र में अनेकों संभावना है, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए पेट्रोलियम भंडार की स्थापना की गई है। ग्रीन हाइड्रोजन के साथ सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऊर्जा के कई वैकल्पिक स्रोतों पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी प्रयासों ने भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा ओएनजीसी ने उत्तराखण्ड में कई ऐसे कार्य किए हैं, जिसका लाभ राज्य को मिल रहा है।

## पंचायत चुनाव अधिसूचना

राज्य निर्वाचन आयोग ने आज त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। हरिद्वार को छोड़कर राज्य के शेष 12 जिलों में दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से विस्तृत चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत चुनाव वाले सभी जिलों में 2 से 5 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 7 से 9 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 10 और 11 जुलाई को नाम वापसी की जा सकेगी। जिन ब्लॉकों में पहले चरण में 24 जुलाई को मतदान होना है, वहां प्रत्याशियों को 14 जुलाई को और दूसरे चक्र के मतदान वाले ब्लॉकों में 18 जुलाई को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। 31 जुलाई को दोनों चरणों की मतगणना और परिणामों की घोषणा की जाएगी।

## मुख्यमंत्री पौधरोपण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी माताजी बिशना देवी के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की कि वे अपनी माताओं के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण स्वयं करें। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन–आंदोलन बनाया जा सके।

## फर्जी आयुष्मान कार्ड

चंपावत जिले में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने की शिकायतों के आधार पर 603 कार्डों को ब्लॉक किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि बीते कुछ माह से आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड के फर्जी होने की शिकायतों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने फर्जी कार्डधारकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सभी विभागों द्वारा वास्तविक लाभार्थियों का सत्यापन किया गया और मिलान के आधार पर आयुष्मान, आधार और राशन कार्ड सहित कई कार्ड फर्जी पाए गये, जिन्हें विभागों द्वारा रद्द किया गया। वहीं स्वास्थ विभाग ने भी राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के माध्यम से 603 आयुष्मान कार्डों को ब्लॉक किया गया।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**बारिश**

प्रदेश में बारिश के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में बाधित मार्गों को सुचारु करने में संबंधित प्रशासन युद्ध स्तर पर जुटा है। रुद्रप्रयाग जिले में प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी और राहत कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही बारिश से सरयू नदी का जल स्तर बढ़ गया है। जिले में एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 35 सड़क मार्ग बाधित हैं। बारिश के कारण दो दर्जन से अधिक मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं, कई स्थानों पर पेयजल और बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि कुछ मार्गों को आवाजाही के लिए खोल दिया गया है, जबकि अन्य मार्गों को खोलने के प्रयास जारी हैं। जनता से अनुरोध किया गया है कि वे नदी किनारे न जाएं।

पिथौरागढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते आदि कैलाश यात्रा मार्ग, लिपुलेख सड़क और मुनस्यारी मिलम सड़क सहित कुल 9 सड़कें भूस्खलन की वजह से बाधित हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि बाधित सड़कों को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को बारिश और अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने को कहा है। मुख्यमंत्री ने राज्य के पहाड़ी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में अत्यधिक वर्षा की संभावना को देखते हुए, आम जनमानस से सतर्क रहने की भी अपील की है। श्री धामी ने कल आयोजित होने वाली राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने जा रहे परीक्षार्थियों से भी मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की सुरक्षा और परीक्षा दोनों ही सरकार के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और स्थानीय प्रशासन को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

**प्रभावित क्षेत्र निरीक्षण चमोली**

चमोली तहसील प्रशासन की टीम ने जिले में बारिश से प्रभावित क्षेत्र सैकोट, मैठाणा, नन्दानगर, नन्दप्रयाग सड़क और गोपेश्वर के लीसा फैक्ट्री बैंड का आज स्थलीय निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने बताया कि बारिश से क्षेत्र में 8 आवासीय भवनों को आंशिक नुकसान हुआ है। जबकि दो मवेशी मलबे में दब गए हैं। उन्होंने बताया कि सैकोट में घरों में मलबा घुसने से हुए नुकसान को देखते हुए चार प्रभावित परिवारों को पांच—पांच हजार रुपए की अहेतुक राशि प्रदान की गई है। जबकि आंशिक क्षतिग्रस्त आवासीय भवनों के स्वामियों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्य के लिए भी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, जिले में बारिश से बाधित बदरीनाथ राजमार्ग

को भनेरपानी, क्षेत्रपाल और नंदप्रयाग में सुचारु कर दिया गया है। ग्रामीण सड़कों को सुचारु करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## बाल श्रम अभियान

अल्मोड़ा जिले के कोसी क्षेत्र में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन को लेकर आज एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 30 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जहां कोई भी बाल श्रमिक काम करता नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान सभी प्रतिष्ठानों में बाल श्रम निषेध संबंधी सूचना और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के पोस्टर चस्पा किए गए। साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि किसी भी स्थिति में बाल या किशोर श्रमिक से कार्य लेना विधि विरुद्ध है। ऐसी किसी भी शिकायत की स्थिति में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।